प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राज्य के 21 जिलों में बाढ़ से एक लाख 72 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा और औरैया के बीच प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण।
2. मुख्यमंत्री ने आज अलीगढ़ में 958 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की।
3. सुप्रीम कोर्ट में आज बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को लेकर प्रदेश सरकार ने रखा पक्ष : कहा– मंदिर को बेहतर प्रशासन देना है अध्यादेश लाने का मकसद।

और

4. प्रदेश की 14 लखपति दीदियां बतौर विशिष्ट अतिथि दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगी शामिल : केन्द्र सरकार की ओर से मिलेगा विशेष सम्मान।

———————

प्रदेश में 21 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इसके चलते एक लाख 72 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर है। गंगा नदी बदायूं, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, यमुना नदी

प्रयागराज, शारदा नदी लखीमपुर खीरी, घाघरा नदी बाराबंकी और राप्ती नदी श्रावस्ती में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। हालात को देखते हुए बाढ़ राहत और बचाव कार्य तेज़ हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा और औरैया के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही औरैया में बाढ पीड़ितों को सहायता राशि चेक और किट का वितरण किया। पेश है एक रिपोर्ट.........

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया में अधिकारियों से बाढ़ के हालात की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ितों के साथ है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कौशांबी में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। वहीं चित्रकूट में आज जिले के प्रभारी मंत्री मनोहरलाल ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भदोही और नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने मिर्ज़ापुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए कुल नौ सौ 59 बाढ़ आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इसके साथ ही, एक हजार दौ सौ 77 बाढ़ चौकियाँ प्रभावित इलाकों में स्थिति पर नज़र रख रही हैं। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

बाढ़ की स्थिति को देखते हुए आज जौनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, बरेली और प्रयागराज में स्कूल बंद रहे। मौसम विभाग ने आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा और आकाशीय बिजली का रेड अलर्ट जारी किया है और कल भी कई जगहों पर भारी वर्षा का अनुमान जताया ह। वहीं विभाग ने पूर्वी उत्तर

प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रशासन और आमजन से सतर्क रहने की अपील की है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में आयोजित एक समारोह में 958 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं अलीगढ़ को एक नई पहचान देंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान डिफेंस कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को दोहराते हुए श्री योगी ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान की अपील की और कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर, प्रतिष्ठान और शिक्षण संस्थान में तिरंगा लहराएं। बाइट.....

*देश की आजादी का पर्व देश का स्वाधीनता दिवस पंद्रह अगस्त नजदीक है। ऑपरेशन सिंदूर में सेना के सौर और पराक्रम के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर हर घर तिरंगा, हर घर में हर प्रतिष्ठान में तेरह चौदह पंद्रह अगस्त को भारत के आन मान शान के प्रतीक तिरंगा को लहराने का कार्य हम सबको करना चाहिए।*

समारोह में श्री योगी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, टैबलेट, आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड वितरित

किए। मुख्यमंत्री ने स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियां के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अटल पुरम टाउनशिप का शुभारंभ किया। टाउनशिप के विकास पर लगभग 731 करोड़ रुपये और खर्च किए जाएंगे। यह टाउनशिप तीन चरणों और 11 सेक्टरों में विकसित होगी, जिससे करीब 10 हजार परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी।

——————————

सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को लेकर अध्यादेश लाने का उसका मकसद मंदिर को बेहतर प्रशासन देना है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज ने कहा कि अध्यादेश का मंदिर प्रशासन को लेकर लंबित वाद से कोई लेना–देना नहीं है। इस मामले पर अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती में कृषि उत्पाद प्रदर्शनी एवं गुड़ प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन तथा कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती द्वारा प्रकाशित पांच पुस्तकों का विमोचन किया। राज्यपाल ने अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित किया और कहा कि सरकार की तरफ से आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। बाइट.....

*हम सबका काम है, जहां असुविधा है वहां सुविधा पूरी करना है। आज ऐसी दो हजार आंगनवाड़ियों जन सहयोग से जो स्टेज पर दिया गया, ऐसे कई साधन दिए गये और आज तक मैं कहूंगी लगभग 38 थाउजेंड आंगनवाड़ी में ऐसे साधन पहुंचाने में हम सफल हुए हैं।*

————————

बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि परिषदीय विद्यालय परिसरों में जर्जर ढाँचों का तत्काल चिह्नांकन कर सत्यापन, मूल्यांकन और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को शीर्ष प्राथमिकता दें। इस सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है कि बच्चों की सुरक्षा के

मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी जर्जर भवन के गिरने या किसी प्रकार की दुर्घटना की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी को सीधे उत्तरदायी मानते हुए उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

———————————

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने आज अयोध्या में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जो भी स्कूल जर्जर ह, उनकी मरम्मत कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सत्र शुरू हो चुका है और बच्चों की संख्या बढ़े इस पर हमें ध्यान देना है। बाइट....

*अब सत्र शुरू हो गया है हमारा पढ़ाई का और इसकी पढ़ाई के साथ साथ बच्चों की संख्या बढ़े। ये भी सारा देखना है और ये भी देखना है कि जो हमारे परीक्षा केंद्र बनेंगे उनमें किसी प्रकार की कोई कमी न आए। बाद में फिर परेशानी होती है तो परीक्षा केंद्र बहुत ही अच्छी प्रकार से देख के भली भांति बनाये जाए जिससे कहीं नकल का मामला न आ पाये।*

———————————

स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण समारोह में उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियां विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी इन महिलाओं को केंद्र सरकार की ओर से विशेष सम्मान दिया जाएगा। देशभर से आ रही 700 से अधिक महिलाओं में

सर्वाधिक प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश का रहेगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान इन सभी लखपति दीदियों की मेजबानी करेंगे। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की टीम के साथ यूपी से दो विशेष प्रतिनिधि भो दिल्ली जाएंगे।

————————

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आज लखनऊ में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर थोक मूल्य सूचकांक, उत्पादक मूल्य सूचकांक और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का डाटा संग्रह करने वालों के लिए आयोजित किया गया। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के उप महानिदेशक दिलीप कुमार सिन्हा ने बताया कि थोक मूल्य सूचकांक एक महत्वपूर्ण आर्थिक सूचक है जिसका उपयोग मुख्य रूप से सकल घरेलू उत्पाद को वास्तविक वृद्धि का आकलन करने में किया जाता है। बाइट.....

*भारत सरकार डब्लू पी आई का आधार वर्ष चेंज करने के लिए प्रयास कर रही है।इसके लिए प्राइस कलेक्शन सर्वे शुरू होना है। प्राइस कलेक्शन के डिफरेंट कांसेप्ट समझाने के लिए और जो इंस्ट्रक्शन मैनुअल है वो समझाने के लिए प्रशिक्षण किया जा रहा है।*

————————

उत्तर प्रदेश की फुटबॉल टीम ने जूनियर नेशनल फुटबॉल चम्पियनशिप 2025 फॉर बी सी रॉय ट्रॉफी जीत ली है। आज मध्य प्रदेश के बालाघाट में खेले गए फाइनल में

यूपी ने असम की टीम को 3–0 से हराकर खिताब पर कब्ज़ा किया।

(समाप्त)